# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड
## Rajasthan Staff Selection Board
Agriculture Campus, Durgapura, Jaipur, Rajasthan, 302018

International Year of Cooperatives 2025
Cooperatives Build a Better World

https://rssb.rajasthan.gov.in

क्रमांकः प14(131)RSSB/अर्थना/NHM/संविदा/2024 दिनांक : यथाहस्ताक्षर

**—:प्रेस विज्ञप्ति:—**

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के आयुष अधिकारी (आयुर्वेद/होम्योपैथी/यूनानी) संविदा के पदों हेतु सीधी भर्ती — 2025

बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, जयपुर, राजस्थान के लिये राजस्थान कान्ट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स, 2022 यथा संशोधित के अन्तर्गत संविदा आयुष अधिकारी (आयुर्वेद/होम्योपैथी/यूनानी) के 1535 पदों के लिए विज्ञापन संख्या 06/2025 दिनांक 09.10.2025 को जारी कर ऑनलाईन आवेदन दिनांक 10.10.2025 से दिनांक 08.11.2025 तक आमंत्रित किए गए। **बोर्ड द्वारा उक्त पद पर ऑफलाईन/ऑनलाइन/CBT/TBT (ओ.एम.आर.) आधारित भर्ती परीक्षा का आयोजन दिनांक 26.12.2025 को जिला मुख्यालय जयपुर मे किया जाना है।**

बोर्ड द्वारा दिनांक 14.11.2025 को विज्ञप्ति जारी कर अभ्यर्थियों को ऑनलाईन आवेदन पत्र में त्रुटि संशोधन हेतु (दिनांक 18.11.2025 से दिनांक 24.11.2025 तक) अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। भर्ती में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता अर्थात् संबंधित प्रमाण—पत्र धारित नहीं करने वाले एवं उक्त परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने के इच्छुक आवेदकों को ऑनलाईन आवेदन प्रत्याहरित करने हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है। ऐसे आवेदक कुल 03 दिवस की अवधि में दिनांक 01.12.2025 से दिनांक 03.12.2025, 23.59 बजे तक SSO Portal पर Login कर Recruitment Portal का चयन कर My Recruitment Section के अन्तर्गत संबंधित परीक्षा के समक्ष उपलब्ध Withdraw Button पर क्लिक कर अपना ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रत्याहरित (Withdraw) कर सकेंगें। विज्ञापन के अनुसार वांछित योग्यता नहीं होने के बावजूद भी इस अवधि में आवेदन पत्र प्रत्याहरित (Withdraw) नहीं करने वाले अभ्यर्थियों के विरुद्ध बोर्ड द्वारा पात्रता जांच उपरान्त विधि सम्मत कार्यवाही की जायेगी।

विज्ञप्ति की शेष शर्ते पूर्व विज्ञापन संख्या 06/2025 दिनांक 09.10.2025 के अनुसार यथावत रहेंगी। अधिक जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

**सचिव**

क्रमांकः प14(131)RSSB/अर्थना/NHM/संविदा/2024 दिनांक : यथाहस्ताक्षर

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:—**

1. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, को प्रेस विज्ञप्ति की प्रति प्रेषित कर निवेदन है कि उक्त विज्ञप्ति को समाचार पत्रों के दैनिक संस्करणों में एक मुख्य अखिल भारतीय दैनिक समाचार पत्र एवं एक वृहत परिचालन वाले राज्य स्तरीय मुख्य दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित करवाकर बिल भुगतान हेतु बोर्ड को भिजवाये जाने का श्रम करावें।
2. मिशन निदेशक, एनएचएम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, जयपुर
3. प्रभारी, आई.टी. अनुभाग, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को भेजकर लेख है कि बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करा कर आवश्यक व्यवस्था करावें।

**सचिव**

Signature Not Verified

Digitally signed by Tulika Saini
Designation : Joint Secretary
Date: 2025.11.17 21:46:30 IST
Reason: Approved